# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

## आदेश

आ०सं०–2/अ0प्र0–1–210/2016 1854 /पटना, दिनांक :– 28.8.23

श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, विरौल, श्री सुशील कुमार प्रसाद, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुंगेर एवं श्री सुभाष चन्द्र महाराज, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज के विरूद्ध प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राज्य द्वारा प्रायोजित योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद एकरारनामा के अनुसार अनुरक्षण हेतु राशि की अधियाचना नहीं किये जाने के बिन्दु पर आरोप पत्र प्रपत्र–'क' गठित कर स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

2. श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव एवं श्री सुशील कुमार प्रसाद द्वारा अपना स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित किया गया, जिसकी समीक्षा मुख्य अभियंता–1, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना से करायी गयी। समीक्षा में उक्त दोनों अभियंताओं के स्पष्टीकरण को स्वीकार योग्य पाया गया।

3. श्री सुभाष चन्द्र महाराज, तदेन कार्यपालक अभियंता दिनांक 28.02.2017 को सेवानिवृत हो जाने के फलस्वरूप इनके विरूद्ध प्रश्नगत मामले को कालबाधित की श्रेणी में माना गया।

4. उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव एवं श्री सुशील कुमार प्रसाद के स्पष्टीकरण को स्वीकृत करने एवं श्री सुभाष चन्द्र महाराज के विरूद्ध प्रश्नगत मामला कालबाधित होने के कारण संचिकास्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त के आलोक में श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, विरौल सम्प्रति सेवानिवृत एवं श्री सुशील कुमार प्रसाद, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुंगेर सम्प्रति सेवानिवृत के स्पष्टीकरण को स्वीकार किया जाता है तथा श्री सुभाष चन्द्र महाराज, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज सम्प्रति सेवानिवृत के विरूद्ध प्रश्नगत मामले को संचिकास्त किया जाता है।

23/8/2023

(संजय दूबे)
विशेष सचिव

इ0/2 02/09/2023

(1)

ज्ञापांक :— 2/अ0प्र0—1—210/2016 1854 /पटना, दिनांक :— 28·8·23

**प्रतिलिपि** :— सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/विशेष सचिव के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा/मुंगेर/गया/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, विरौल/मुंगेर/इमामगंज/प्रशाखा पदाधिकारी—6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/विभागीय आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग/श्री सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, विरौल सम्प्रति सेवानिवृत, पत्राचार का पता—ग्राम—बाँस देवरिया, पोस्ट+थाना—देवरिया, जिला—उत्तर प्रदेश, पिनकोड—274001/श्री सुशील कुमार प्रसाद, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुंगेर सम्प्रति सेवानिवृत, द्वारा— कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुंगेर/श्री सुभाष चन्द्र महाराज, तदेन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, इमामगंज सम्प्रति सेवानिवृत, पत्राचार का पताः— 301, सिद्धी विनायक अपार्टमेंट, मोहल्ला—यारपुर, खगौल रोड, डाकघर—जी0पी0ओ0, थाना—गर्दनीबाग, जिला—पटना, राज्य—बिहार, पिनकोड—800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/8/2023

विशेष सचिव



20